**टी बोर्ड भारत**

**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार)**

**14, बी.टी.एम. सरणी (ब्रेबोर्न रोड), कोलकाता - 700 001**

वेबसाईट: www.teaboard.gov.in ई-मेल: secretary.tbi-wb@gov.in फोन नं +91 33 2237 1161

**दिनांक: 09.05.2023**

# कार्यालय ज्ञापन सं 56/ 2023

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, डिजिटल भुगतान करना और कोई अन्य ऑनलाइन गतिविधि का प्रयोग करते हुए सुरक्षित रहने पर विभिन्न उपयोगकर्ता समूहों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए **'स्टे सेफ ऑनलाइन' (एसएसओ)** नामक एक साइबर जागरूकता अभियान शुरू किया है।

अभियान में इन्फोग्राफिक्स, कार्टून कहानियाँ, पहेलियाँ, प्रश्नोत्तरी, लघु वीडियो आदि के रूप में बहुभाषी सामग्री का प्रसार शामिल है, और MyGovwebsite (https://www.mygov.in/staysafeonline),स्टे ऑनलाइन वेबसाइट (https://www.staysafeonline.in) और प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के व्यापक उपयोग के माध्यम से इसे बढ़ाना शामिल है। अभियान में साइबर सुरक्षा जागरूकता को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, कार्यस्थलों और उद्योगों में कार्यशालाओं, वेबिनार और प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला की भी परिकल्पना की गई है।

टी बोर्ड इंडिया के सभी अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइटों पर जाएँ और उनमें उपलब्ध कराई गई साइबर सुरक्षा संबंधी सामग्री को जानें। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट https://www.teaboard.gov.in पर 'स्टे सेफ ऑनलाइन' पोर्टल का लिंक भी प्रदर्शित किया गया है। जागरूकता विषय https://staysafeonline.in/topics पर देखे जा सकते हैं जागरूकता सामग्री https://staysafeonline.in/awareness-material पर देखी जा सकती है।

(डॉ.ऋषिकेश राय)
सचिव प्रभारी

**वितरण (ई-मेल द्वारा):**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मुख्यालय में बोर्ड के सभी विभागाध्यक्ष (उपाध्यक्ष को छोड़कर) | उनके अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों को उनके अधीन कार्यरत कर्मचारियों के बीच कार्यालय ज्ञापन की सामग्री लाने के अनुरोध के साथ |
| 2. | कार्यपालक निदेशक, कूनूर & गुवाहाटी | |
| 3. | बोर्ड के सभी क्षेत्रीय / उप-क्षेत्रीय कार्यालय | |
| 4. | उपाध्यक्ष के नि.सह, वि.स.एवं मु.ले.अ., सचिव | कृपया सूचना हेतु |
| 5. | आईटी कक्ष | बोर्ड के वेबसाइट पर अपलोड हेतु |